<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

<u>नोटिस</u>

<u>राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2019</u>

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **21 अप्रैल, 2019 (रविवार)** को देशभर के विभिन्न केन्द्रों/परीक्षा स्थलों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2019 का आयोजन करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपनी वेबसाइट (**https://www.upsconline.nic.in**) पर ई-प्रवेश पत्र अपलोड किए हैं। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश में उल्लिखित फोटो पहचान पत्र सहित ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा।

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो धुंधली है या उपलब्ध नहीं है, तब उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित **दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** तथा परिवचन साथ लाना होगा। **<u>इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा</u>**। ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी usnda-upsc@nic.in पर दिनांक **11 अप्रैल, 2019** तक अवश्य सूचित किया जाए ताकि आयोग ऐसे मामलों में निर्णय ले सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें और "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेश" को भी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

<u>यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा-स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात पूर्वाह्न सत्र के लिए प्रातः 09:50 बजे तथा अपराह्न सत्र के लिए अपराह्न 01:50 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

<u>उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ **काला बॉल पॉइंट पेन**_लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों द्वारा ओएमआर उत्तर पत्रक और उपस्थिति सूची केवल **काले बॉल पॉइंट पेन** से ही भरी जानी है।

इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा आयोग को परीक्षा की तारीख से सात (07) दिनों के अंदर केवल “ऑनलाइन प्रश्न पत्र अभ्यावेदन पोर्टल” [“Online Question Paper Representation Portal (QPRep)”] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त तथा उपर्युक्त अवधि के बाद आयोग द्वारा कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि जैसा कोई स्टोरेज मीडिया अथवा कैमरा अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इन अनुदेशों का किसी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन भी शामिल है। उम्मीदवारों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य या साधारण घड़ी परीक्षा हॉल/भवन में ले जाने की अनुमति है। तथापि, विशेष एक्सेसरीज वाली ऐसी घड़ियां या स्मार्ट वॉच जिनका उपयोग संचार उपकरण के रूप किया जा सकता है के उपयोग पर सख्त रूप से प्रतिबंधित है और उम्मीदवारों को परीक्षा भवन/हॉल में ऐसी घड़ियां ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल पर लाने की अनुमति नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069 दिनांक 1 अप्रैल, 2019/ 11 चैत्र, शक 1941